पाठ 17

# अपना जिला

हम राजस्थान राज्य में रहते हैं। हमारा राज्य भारत के पश्चिम भाग में स्थित है। राजस्थान का क्षेत्रफल 342289 वर्ग कि.मी. है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। राजस्थान में कुल 33 जिले हैं। जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार राजस्थान की जनसख्या 6.68 करोड़ हैं जिसमें 5.15 करोड़ ग्रामीण जनसंख्या है।




चित्र 17.1 राजस्थान का मानचित्र (पैमाने पर आधारित नहीं है)

## देखिए और बताइए

- राजस्थान में कुल कितने जिले हैं?
- आपके जिले का क्या नाम है?
- आपके जिले की सीमा पर कौन–कौनसे जिले स्थित हैं?
- राजस्थान के मानचित्र में अपने जिले को ढूँढकर, रंग से भरिए।

बीकानेर श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ चुरु झुंझुनूं जैसलमेर जोधपुर नागौर सीकर अलवर जयपुर दौसा भरतपुर बाड़मेर जालौर पाली अजमेर टोंक सवाईमाधोपुर झालावाड़ कोटा बूंदी बारां करौली धौलपुर राजसमंद उदयपुर बांसवाड़ा डूंगरपुर भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ सिरोही

## पता कीजिए और लिखिए

- आप किस गाँव/नगर में रहते हैं।
- यह किस पंचायत समिति में आता है?
- आप के जिले में और कौन–कौनसी पंचायत समितियाँ हैं?

## आओ, अपने जिले को पहचाने




चित्र –17.2 बारां जिला का मानचित्र (पैमाने पर आधारित नहीं है)

> **ग्राम पंचायत**
>
> कई कस्बें, गाँव आदि मिलकर ग्राम पंचायत बनते हैं। यह गाँवों में पानी, बिजली, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई आदि सुविधाओं की व्यवस्था करती है।
>
> **पंचायत समिति**
>
> आस–पास की कई ग्राम पंचायतों को मिलाकर पंचायत समिति का गठन किया जाता हैं। पंचायत समिति अपने क्षेत्र के सभी गाँवों के विकास की योजना बनाती है। ग्राम पंचायतों को विशेषज्ञ उपलब्ध करवाकर विकास कार्यों को संपन्न करवाती है।

यहाँ बारां जिले का मानचित्र दिया गया है। आप भी अपने शिक्षक की मदद से अपने जिले का एक मानचित्र देखिए और बताइए

## देखिए और चर्चा कर लिखिए

- आपका जिला मुख्यालय कहाँ है?
- आपके जिले में प्रमुख राज्य मार्ग कौनसे हैं?
- आप के जिले में कोई झील या तालाब हो तो नाम लिखिए?
- आप के जिले में कौनसी प्रमुख नदी बहती है?

## पता कीजिए और लिखिए

- आप के जिले में प्रमुखतः कौनसी भाषा बोलते हैं?
- आप के जिले में स्त्री–पुरुषों की प्रमुख पारम्परिक पोशाकें कौनसी हैं?
- आप के जिले में बड़ा राजकीय चिकित्सालय कहाँ है?
- आप के जिले के प्रमुख जाने–माने खिलाड़ी, स्वतंत्रता सेनानी, कलाकार एवं समाजसेवियों के नाम लिखिए।
- आपके जिले में मुख्य रूप से कौनसी फसलें बोयी जाती हैं?
- आपके जिले में कौन–कौनसे बड़े कारखानें हैं?
- आपके जिले का प्रमुख भोजन क्या है?
- आपके जिले में कौन–कौनसे मेले लगते हैं?

आपके जिले से संबंधित निम्नांकित के नाम लिखिए।

1. जिला कलक्टर
2. संसद सदस्य (सांसद)
3. क्षेत्रीय विधायक
4. पंचायत समिति सदस्य
5. जिला परिषद सदस्य
6. जिला प्रमुख
7. पंचायत समिति प्रधान

**शिक्षक निर्देश – अपने जिले के मानचित्र को कक्षा–कक्ष में लगा कर विद्यार्थियों को दिखाइए।**

बीकानेर श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ चुरू झुंझुनूं जैसलमेर जोधपुर नागौर सीकर अलवर जयपुर दौसा भरतपुर बाड़मेर जालौर पाली अजमेर टोंक सवाईमाधोपुर झालावाड़ कोटा बूंदी बारां करौली धौलपुर राजसमंद उदयपुर बांसवाड़ा डूंगरपुर भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ सिरोही

## हमने सीखा

- राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है।
- कई ग्राम पंचायतें मिलकर पंचायत समिति बनाती हैं।
- राजस्थान में कुल 33 जिले हैं। ग्राम पंचायतें एवं पंचायत समितियाँ मिलकर जिला बनाती हैं।
- राज्य में अलग–अलग जिलों में अलग–अलग तालाब व नदियाँ हैं।

## जाना समझा, अब बताइए

- ग्राम पंचायत के प्रमुख कार्य कौन–कौनसे हैं?
- राजस्थान का क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में कौनसा स्थान है?
- अपने जिले के जिला कलक्टर का नाम लिखिए।
- अपने जिले की प्रमुख बातें बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।
- अखबार व पत्र–पत्रिकाओं से अपने जिले के मुख्य पर्यटन स्थलों, तालाबों, बाँध आदि के चित्र काट कर अपनी कॉपी में चिपकाइए।

आन, बान और शान।
यही है राजस्थान की पहचान।।